हरिभूमि
# रतन भूमि
रायपुर, शनिवार 13 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री



8 स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर नाटक का...



10 स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में ...



# क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा नहीं, साधन वाले ही लगा पाएंगे रबी की फसल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अलग खबर

एक तरफ जहां खरीब फसल धान की बेचने किसान उपार्जन केन्द्र में पहुंच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर रबी फसल लेने की तैयारी भी चल रही है।

बता दें कि रबी सीजन की तैयारियां जिले सहित क्षेत्रों में शुरू हो चुकी है।

अंचल के साधन संपन्न किसानों ने खेती की तैयार भी कर लिया है। कुछ स्थानों पर नर्सरी भी लगाई जा रही है। जिले सहित अंचलों में लगातार घट रहें जलस्तर को देखते हुए सरकार ने किसानों से रबी सीजन में धान की फसल के बदले दलहन तिलहन मिलेट्स की फसल लेने की अपील की थी, लेकिन क्षेत्र के किसानों ने दलहन तिलहन की फसल लेने में कोई रुचि नहीं दिखाई और धान की फसल की तैयारी में जुट गए हैं।

किसानों की मानें तो क्षेत्र के किसान सिर्फ धान की ही फसल ले सकते हैं। किसानों के अनुसार दलहन- तिलहन को फसल को प्राकृतिक आपदा, जंगली जानवर, बंदर और पशु पक्षियों से बचना मुश्किल हो जाता है। किसान दलहन तिलहन की फसल लेना चाहते हैं, लेकिन परेशानियों को देखते हुए ये मजबूरी में धान की फसल लेते हैं।

## किसानों को दलहन, तिलहन की फसल लेने में रुचि नहीं



### धान की खेती करने को विवश : किसान

किसान बेदव्यास निषाद, जनक राम यादव, सोहनलाल मरकाम, दिव्यनद यादव, देवकुमार, कृष्णा साहू , केजूराम ध्रुव आदि ने बताया कि सूरजमुखी की फसल लेने पर तोता और अन्य फ़सल लेने पर जंगली सूअर, पशुधन के उत्पाद फसल ले पाना कठिन हो जाता है। इस वजह से धान की खेती करने की विवशता है। फसल चक्र परिवर्तन के लिए अनुकूल वातावरण किसानों को नहीं मिल रहा है। इस क्षेत्र में जिस किसान के पास बोर मशीन की सुविधा है वह फसल लगा रहे हैं। जिनके पास यह सुविधा नहीं है उन्हें खरीब फसल के लिए पांच माह इंतजार करना पड़ेंगा, तब तक उन्हें या तो खाली रहना पड़ेगा या फिर कोई रोजगार ढूंढने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### पतोरी में मड़ई आज विधायक रोहित होंगे शामिल

**छुईहा बेलर।** समीपस्थ ग्राम पतोरी में 13 जनवरी को वार्षिक मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्राम सरपंच यादराम सिन्हा, ग्राम प्रमुख बोधराम, संतोष साहू, रोहित साहू, महेश साहू ने बताया कि 13 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सुबह से ग्राम देवी - देवता की पूजा होगी। इस अवसर पर साल्हेटोला का नाचा, मड़ई बैरक एवं राउत नाचा का विशेष आकर्षण होगें। कार्यक्रम में विशेष रूप से राजिम विधायक रोहित साहू एंव आसपास के ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। वहीं बाजार व दुकान भी लगेगी।

### धान के अवैध परिवहन 350 बोरी जब्त

**महासमुंद।** जिले में सीमावर्ती ओडिशा राज्य से अवैध धान के परिवहन पर निरंतर कार्रवाई जारी है। गुरुवार देर रात को तहसीलदार ममता ठाकुर द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ग्राम भिलाईदादर में थाना के आगे 350 बोरी धान का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर गाड़ी सहित धान को जब्त कर थाना में सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि रात में धान से भरी गाड़ी ओडिशा से छत्तीसगढ़ के बागबाहरा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम लिटियादादर ला रहे थे। उल्लेखनीय है कि ओडिशा सीमा से लगे अंतरराज्यीय चेक पोस्ट के माध्यम से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। उन्होंने बताया कि धान के अवैध परिवहन व भंडारण पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, जो आगे भी जारी रहेगी।

### अज्ञात लोगों ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सरायपाली क्षेत्र के बैदपाली के साप्ताहिक बाजार के पास झिलमिला में 2 अज्ञात व्यक्तियों ने एक अन्य शख्स से मारपीट की। प्रार्थी देवीचन भोई रतिराम भोई (47 साल) ने सरायपाली पुलिस को बताया कि आरोपी उसे अचानक देखकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, डंडे से मारपीट करने लगे, साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या

**महासमुंद।** बागबाहरा थानांतर्गत वार्ड 12 तेंदूलोथा में 45 साल के शख्स ने घर के म्यार से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बागबाहरा पुलिस ने बताया कि श्यामलाल यादव पिता विशंभर यादव ने अपने घर के म्यार पर अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली।

### गांजा तस्करी मामले में दो युवकों को 20 साल का कठोर कारावास

**महासमुंद।** गांजा तस्करी के अपराध में लिप्त जिला आरा भोजपुर बिहार के दो युवकों को विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) एक्ट महासमुंद लीलाधर सारथी ने 20 वर्ष की कठोर कैद और दो-दो लाख रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर 10 सितंबर 2020 को थाना कोमाखान निरीक्षक प्रदीप मिंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम टेमरी फॉरेस्ट नाका पहुंचकर नाकेबंदी की थी। तभी खरियार रोड (ओडिशा) की ओर से ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 41 एच 0832 आया। ट्रक को रोककर उसमें सवार दो लोगों से पूछताछ की गई। जिस पर एक ने अपना नाम मोहम्मद कलूट मनसुली पिता मो. सुल्तान मनसुली 45 वर्ष निवासी ग्राम बीबी गंज चकिया, थाना मोफासिल, आम तहसील, जिला आरा भोजपुर बिहार तथा दूसरे ने अपना नाम महेश पासवान पिता श्रीकृष्णा पासवान 19 वर्ष निवासी चितकुंडी चकिया, थाना आम मोफासिल, जिला आरा भोजपुर बिहार बताया। पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि मादक पदार्थ गांजा को भवानीपटना ओडिशा से बिहार के आरा जिला ले जा रहे थे।

## कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने निर्माण एजेंसियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# जिले के निर्माणाधीन सड़क और पुलों का निर्माण समय पर पूरा करे : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





- निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का भी रखे ध्यान, प्रगतिरत कार्यों में लाए तेजी

जिले में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों की कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने जिले के निर्माण एजेंसियों के अंतर्गत चल रहे सड़क, पुल-पुलिया, भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने पीडब्ल्यूडी, एडीबी प्रोजेक्ट, नेशनल हाईवे एवं पीडब्ल्यूडी ब्रिज के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क आदि निर्माण में गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए। अच्छी क्वालिटी के कंस्ट्रक्शन मटेरियल का उपयोग किया जाए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से जिले में बनाये जा रहे शासकीय भवनों की भी अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी निर्माण कार्यो के पूर्ण करने के समय-सीमा की जानकारी लेकर तय सीमा में सभी कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अभनपुर से पाण्डुका तक नेशनल हाईवे के अंतर्गत बन रहे सड़क की भी जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण की सुस्त गति पर एनएच के अधिकारियों पर नाराजगी जताई। साथ ही लोगों की सहुलियत के लिए सड़क निर्माण के कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई सहित लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अन्य निर्माण विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

### लंबित प्रकरणों को इस माह के अंतिम सप्ताह तक पूरा करें

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत मुआवजा भुगतान के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। साथ ही सभी लंबित प्रकरणों को जनवरी के आखिरी सप्ताह तक निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में निर्माण विभागों से भू-अर्जन, सिफ्टिंग, अन्य विभागों से समन्वय तथा अन्य किसी भी प्रकार की समस्या की भी जानकारी ली।

### धान खरीदी केंद्रों में गोदाम निर्माण पर तेजी लाएं

निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से कहा कि संबंधित ठेकेदार समय-सीमा पर कार्य पूरा नहीं कर रहे है, उनके ऊपर नियमानुसार पेनाल्टी लगाये और निर्धारित समयावधि पर कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित करें। समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने आईटीआई भवन कॉलेज, न्यायिक अधिकारियों के आवास, संयुक्त जिला कार्यालय के बेसमेंट के निर्माण कार्य, तहसील एवं एसडीएम कार्यालयों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, धान खरीदी केन्द्रों में गोदाम निर्माण एवं शासकीय आवासों के निर्माण की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेकर सभी कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिये।

# सांभर शिकार के फरार आरोपी को पुलिस ने दबोचा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में वन्य प्राणी सांभर का शिकार करने वाले आरोपी को बंदुक के साथ पकड़कर शुक्रवार को वन विभाग द्वारा न्यायालय में पेश किया है।

वन विभाग ने बताया कि वन्यप्राणी सांभर का अवैध शिकार मामले के फरार आरोपी रतीराम उम्र 44 वर्ष को पकड़कर विस्तृत पूछताछ हेतु परिक्षेत्र कार्यालय दक्षिण उदंती मैनपुर लाया गया। उनके घर से 01 नग बंदुक, कोटरी सांभर सिंग, भालु की दांत बरामद की गई एवं प्रकरण के फरार आरोपी दशरथ उम्र 25 वर्ष एवं सुकराम उम्र 26 वर्ष को भी पकड़कर लाया गया। विवेचना अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह सोनवानी वनपाल, सहायक परिक्षेत्र अधिकारी करलाझर के द्वारा तीनो आरोपियों को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 के तहत गिरफ्तार कर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गरियाबंद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

इस कार्यवाही में गोपाल कश्यप सहायक संचालक उदंती (मैनपुर), डोमार सिंह साहू वनक्षेत्रपाल, परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण उदंती, देव नारायण सोनी वनक्षेत्रपाल, परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उदंती, धर्मेन्द्र सिंह सोनवानी, टकेश्वर देवांगन, मनोज कुमार ध्रुव, अनुप जांगड़े, विरेन्द्र कुमार ध्रुव, सूर्यदेव जगतवंशी, नीलकंठ ध्रुव,चुरामन घृतलहरे का विशेष योगदान रहा।

# 22 को सार्वजनिक अवकाश की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर 22 जनवरी को सार्वजनिक छुट्टी की मांग किया गया है। हिन्दू परिषद से जुड़े कार्यकर्ता मोहित साहू सेंदर ने कहा श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र में भव्य राम मंदिर बन कर तैयार हो रहे है। जहां भगवान श्री रामलला बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को 11.00 बजे से प्रारंभ हो जाएगा। जिसमें सम्पूर्ण विश्व आनंदित एवं प्रफुल्लित हैं। वहीं भारत भर में उत्साह का वातावरण है। गांव - गांव में हिंदू संगठनों के द्वारा अक्षत एवं आमंत्रण का वितरण किया गया है। जिसमें लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं और प्रत्येक व्यक्ति अपने आराध्य श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा देखने को आतुर है। छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम कलेक्टर गरियाबंद दीपक अग्रवाल को 12 जनवरी को



ज्ञापन सौंप कर 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग किया गया है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद गरियाबंद के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह राजपूत, डिगेश्वर वर्मा, मोहित साहू, भोपेंद्र साहू, प्रकाश निर्मलकर, विकाश शर्मा, नवीन सिन्हा उपस्थित थे।

# पंथी स्पर्धा के विजेताओं को दिया गया पुरस्कार

**कोपरा।** कौंदकेरा में राज्य स्तरीय पंथी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रथम स्थान संत्यम पंथी पार्टी घुसेरा रायपुर राशि 13333 श्री गणेश डहरिया सरपंच के द्वारा, द्वितीय स्थान जय सतनाम सरगम पंथी पार्टी दतरेगा रायपुर राशि 9999 काशी कुर्रे द्वारा, तृतीय स्थान सत के बहार बालक बालिका पंथी पार्टी बावनकेरा महासमुंद राशि 7777 खेलन कोसरे पंच के द्वारा, चतुर्थ स्थान सत्य ज्योति पंथी झांकी बकतरा रायपुर राशि 5555 फुलजी परमार के द्वारा, पंचम स्थान सत्य के संदेशिया पंथी नर्तक दल रोको रायपुर राशि 3333 जलाल मंडल से.नि. शिक्षक के द्वारा दिया गया।



# रबी फसल की बोआई में जुटे किसान...



राजिम। बकली के किसान रबी फसल की तैयारी में पूरी तरह से जुट गये है। खेत की साफ-सफाई के बाद ट्रैक्टर से मताई का कार्य कर रहे है। उसके बाद धान का छिड़काव करेंगे। किसान अपने संसाधन से फसल लगा रहे हैं। इस बार राजिम तहसील के अंतर्गत 20 हजार एकड़ में रबी का ग्रीष्मकालीन फसल धान की खेती हो रही है। किसान उत्तम साहू, त्रिलोचन राम साहू, सिया साहू, श्रीराम साहू ने बताया कि अभी तो बोर में पर्याप्त पानी आ रहा हैजब अप्रेल और मई में फसल पकाने के लिए पानी की आवश्यकता होती हैतो बोर जवाब देने लगता है क्योंकि तब वाटर लेवल काफी नीचे चला जाता है।

## कलेक्टर ने सफल क्रियान्वयन के संबंध में दिये निर्देश

# पीएम जनमन योजना के तहत 15 को ग्राम पोंड में मेगा इवेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





जनजाति कार्य मंत्रालय द्वारा देश के पीवीटीजी समुदायों के 100 जिलों में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोमवार 15 जनवरी को वर्चुअल के माध्यम से पीएम जनमन के लाभार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। गरियाबंद जिले के छुरा विकासखण्ड के ग्राम पोंड़ के अटल चौक पीएम जनमन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में आज कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन के सफल क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपने-अपने स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करे। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों को दायित्व भी सौंपे गये है।

### अधिकारियों को विभागीय दायित्व सौंपे गये

इनमें अनुविभागीय अधिकारी छुरा को प्रोटोकॉल एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्था, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को स्टैंडिज, बैकड्राप टेंट सहित अन्य, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सा व्यवस्था, आयुष्मान कार्ड, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता को मंच निर्माण, अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण को ध्वनि, प्रकाश, मंच सज्जा, एलईडी डिजिटल स्क्रीन, जनरेटर, विद्युत विभाग के निर्बाध विद्युत व्यवस्था, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को ऑनलाइन कनेक्टिविटी, कृषि एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को प्रधानमंत्री किसान योजना, उद्यानिकी को मंच की साज सज्जा एवं पुष्प व्यवस्था सहित सीईओ गरियाबंद एवं छुरा को हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने की व्यवस्था तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को विभागीय दायित्व सौंपे गये। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ रीता यादव, संयुक्त कलेक्टर श्री नवीन भगत, एसडीएम श्री भूपेन्द्र साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# चाकू अड़ाकर युवक से लूटा 5 हजार का सामान

**महासमुंद।** पिस्टल और चाकू की नोक पर तीन युवकों और एक महिला ने युवक को निशाना बनाया।

गुरुवार-शुक्रवार की रात शहर के बरोंडा चौक में हुए लूट के मामले में तीन युवकों के साथ एक महिला भी शामिल रही। पिस्टल और चाकू देख युवक ने रात तकरीबन साढ़े 10 बजे लोगों के मदद की गुहार लगाई लेकिन, जब तक मदद पहुंचती तब तक तीनों लुटेरे युवक और महिला बागबाहरा की ओर जा रही बस में सवार होकर फरार हो गए। घटना में युवक से तकरीबन साढ़े 5 हजार की लूट हुई है। मामले में चारों आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### पेट दर्द के मरीज को कराया भर्ती मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा



**महासमुंद।** पेट दर्द का इलाज कराने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे एक प्रधानपाठक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पत्नी सहित परिजनों ने मेडिकल कॉलेज में ड्यूटी पर मौजूद डाक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। मृतक की पत्नी स्थानीय रमनटोला निवासी काजल गुप्ता ने बताया कि उनके पति प्रभात गुप्ता (43) बागबाहरा विकासखंड के अमलीडीह में प्रधानपाठक के पद पर पदस्थ थे। गुरुवार रात उनके पेट दर्द उठा। शुक्रवार की सुबह उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहाँ ड्यूटी डॉक्टर के पूछने पर हमने बताया कि पेट दर्द होने पर पैरासिटामोल की गोली दी थी। काजल का आरोप है कि ड्यूटी डॉक्टर द्वारा उनके पति का इलाज शुरू न करते हुए उनसे घर से पैरासिटामोल टेबलेट का स्ट्रीप लाने कहा। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद डॉक्टर ने एक इंजेक्शन लगाया और जाकर अपने कक्ष में बैठ गए। इस बीच उनके पति की हालत खराब होती गई। मैनें बार-बार मौजूद डाक्टरों को बताया कि उनके पति की हालत पहले से और खराब हो रही है। लेकिन, डॉक्टरों ने नहीं सुनी। काफी देर बाद डॉक्टर आए और जांच करने के बाद बताया कि उनके पति अब नहीं रहे। श्रीमती गुप्ता ने आरोप लगाया कि उनके पति की जान डॉक्टरों की लापरवाही से गई। यदि समय पर सही ढंग से इलाज होता तो उनकी जान बच सकती थी।

### सशिमं में मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**महासमुंद।** स्थानीय भलेसर मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। प्राचार्य राजश्री ठाकुर एवं प्रधानाचार्य कृष्णा चंद्राकर द्वारा मां सरस्वती, ओम, भारतमाता एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण तिलक लगाकर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य राजश्री ठाकुर ने कहा कि सारे देवता भारत व अनेक महापुरुषों ने भारत भूमि पर जन्म लिया है, ऐसे ही महापुरुष स्वामी विवेकानंद को मैं प्रणाम करती हूं। कार्यक्रम में सभी बहनों ने उत्साहित होकर सूर्य नमस्कार किया। शिशु कक्षा के भैया/बहनों ने स्वामी विवेकानंद के वेशभूषा में सुसज्जित होकर विवेकानंद जयंती मनाई। इस अवसर पर बलराम सेन, शिव कुमार कन्नौजे, नारायण साहू, आचार्या दुर्गेश नंदिनी चंद्राकर, सरोजनी साव, अनुराधा चंद्राकर, तारिणी गोस्वामी, तनूजा साहू, मोनल साहू, लिलेश्वरी साहू, किरण सोनी, गुरुवारी सोनी, टिकेश्वरी चंद्राकर, निशा गोस्वामी, मल्लिका चंद्राकर, किरण साहू, अजीत राम साहू, हेमलाल चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



## स्वामी विवेकानंद की जीवनी पर नाटक का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय कचना धुरवा महाविद्यालय छुरा में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में युवा दिवस के रूप में उत्सव मनाया गया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आओ चले वोटर बने विषय पर क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन के कुछ यादगार क्षणों के ऊपर नाटक का मंचन किया गया। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सीएच पटेल, डीआर साहू, डॉ. विनित साहू, रागिनी ठाकुर, समाजसेवी शीतल ध्रुव एवं महाविद्यालय के बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी कुमारी स्नेहा शर्मा, दुष्यंत ध्रुव के द्वारा स्वामी विवेकानंद के ऊपर सारगर्भित उद्बबोधन प्रस्तुत किया गया। उक्त कार्यक्रम में चांदनी, जीतू, देवकी, नीलकमल, ओंकार, भारद्वाज ठाकुर, कमलेश, आर्यन, आदि स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा।

## चांदी से बनी रामलला की मूर्ति के साथ नम्रता अयोध्या के लिए रवाना





**नवापारा (राजिम)।** नगर के बोथरा परिवार की बड़ी बेटी नम्रता पारख 21 किलो शुद्ध चांदी से बनी भगवान रामलला के बाल्यरूप की मूर्ति भगवान का पालना एवं 31 चरण पादुकाएं को लेकर शुक्रवार को अपने पति अभिषेक पारख के साथ भगवान रामलला को समर्पित करने अयोध्या जाएगी।

नम्रता पारख ने बताया कि विश्व हिन्दू परिषद् और बजरंगदल के संयुक्त तत्वाधान में रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर में चांदी की सभी सामग्रियों का पूजन कर भगवा ध्वज दिखाकर शुक्रवार को अयोध्या रवाना होंगे। यह सामग्री भंवरलाल अशोक कुमार पारख परिवार की ओर से अयोध्या श्रीराम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में रखी जाएगी। पारख परिवार की भावना है कि पूरे छत्तीसगढ़ वासियों भगवान राम के नौनिहाल की ओर से यह चरण पादुकाएं भगवान श्री राम के छत्तीसगढ़ में वन पथ गमन में आने वालेसभी मंदिरों में स्थापित की जाए।

इसके लिए 25 चरण पादुका अलग से निर्मित कराई गई है। इसी तरह अयोध्या के राम मंदिर में भी भगवान श्री राम, माता जानकी, भरत, लक्ष्मण, शत्रुहन, हनुमान जी के लिए भी अलग- अलग चरण पादुका बनवाई गई है। चरण पादिका एवं मूर्तियों का कुल 21 किलो के साथ 4 किलो का पालना एवं अन्य सामग्री अलग से है। इन सभी सामानों को हमारे परिवार की तरफ से श्रीमती नम्रता-अभिषेक पारख द्वारा 13 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर ट्रस्ट प्रमुखों को ससम्मान भगवान राम के लिए समर्पित किया जावेगा।

### ग्राम सभा की कार्यवाही का वीडियो ग्राम सभा निर्णय मोबाइल एप पर किया जायेगा अपलोड

# जिले के सभी गांवों में 23 जनवरी को आयोजित की जाएंगी ग्रामसभाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राज्य शासन के निर्देश पर छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 6 में ग्राम सभा का प्रत्येक तीन माह में कम से कम एक सम्मेलन आयोजित करने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इसके लिए निर्धारित तिथियां निर्धारित की गई है। इनमें जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन 23 जनवरी, 14 अप्रैल, 20 अग्रस्त एवं 02 अक्टूबर के अतिरिक्त प्रतिवर्ष माह जून एवं नवम्बर में प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामसभा का आयोजन किया जाता है। इसी तारतम्य में इस माह 23 जनवरी को ग्रामसभा आयोजन जिले के सभी गांवों में किया जायेगा। ग्राम सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। ग्रामसभा में लिए गये निर्णयों का अधिकतम 15 मिनट का वीडियो ग्राम सभा निर्णय मोबाईल एप्प में अपलोड किया जाएगा। साथ ही ग्राम सभा के गतिविधियों को वाईब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल में शत प्रतिशत अपलोड सुनिश्चित की जाएगी।

■ ग्रामसभा में विभिन्न विषयों पर की जाएगी चर्चा

### रोजगार की स्थिति की जाएगी समीक्षा

इस संबंध में कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल ने अनुविभागीय अधिकारी (रा), जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामसभा आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जनपद पंचायतवार प्रत्येक ग्रामों में ग्रामसभा आयोजित करने के लिए समय सारणी निर्धारित करने एवं स्थानीय अधिकारी-कर्मचारियों को विशेष जिम्मेदारी देने के निर्देश दिये है। जनवरी 2024 में आयोजित ग्रामसभा में ग्रामसभा की पूर्व बैठकों में पारित संकल्पों के क्रियान्वयन संबंधी पालन प्रतिवेदन, पंचायतों के विगत तिमाही के आय-व्यय की समीक्षा की जाएगी एवं पिछली छमाही मे विभिन्न योजनाओं से स्वीकृत कार्य के नाम, प्राप्त राशि स्वीकृत राशि, व्यय राशि एवं कार्य की अद्यतन स्थिति का वाचन किया जाएगा। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत ग्राम पंचायतों में ग्रामीण परिवारों द्वारा रोजगार की मांग तथा उपलब्ध कराये गए रोजगार की स्थिति की समीक्षा की जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण एवं हितग्राहियों का सत्यापन के संबंध में कार्यवाही की जाएगा। जरूरतमंद व्यक्तियों के लिये पंचायतों द्वारा वितरित खाद्यान्न एवं उसके लाभान्वितों के नामों का वाचन किया जाएगा। जन्म, मृत्यु एवं विवाह पंजीयन से संबंधित प्रकरणों के लंबित, निराकृत एवं वितरित प्रमाण पत्रों की जानकारी दी जाएगी। मौसमी बीमारियों से बचाव एवं निवारण की जानकारी एवं उससे निपटने के लिए लोगों के जागरूक किया जाएगा ग्राम पंचायतों में अनिवार्य कर के आरोपण एवं वसूली के प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी।

### स्थानीय संस्थाओं की भी करें समीक्षा

ग्राम सभा में पेसा नियम के तहत संसाधन योजना और प्रबंधन समिति तथा शांति एवं न्याय समिति का गठन एवं सदस्यों का चयन किया जाएगा। ग्राम सभा में पेसा नियम के तहत प्रस्ताव पास कर सरपंच एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से ग्राम सभा कोष के नाम से निकटतम कोर बैंकिंग सुविधायुक्त राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खोलने की चर्चा की जाएगी। मानव संसाधनों एवं स्थानीय संस्थाओं के बारे में समीक्षा करें, लघु जल निकायों के लीज एवं बाजारों के नीलामी, गौण खनिज साधारण रेत का उत्खनन एवं व्यवसाय अंतर्गत साधारण रेत के उत्खनन एवं व्यवसाय के संबंध जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा ग्राम पंचायत द्वारा स्थानीय आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अन्य विषयों पर ग्रामसभा के एजेंडे में शामिल किये जायेंगे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी दंत रोगों के प्रति जागरुकता का अभावः डॉ. जोशी



**नवापारा राजिम।** ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी दंत रोगों के प्रति जागरुकता कम है। गुडाख़ु व मंजन आदि के अधिकाधिक प्रयोग एवं अन्य व्यंजनों के सेवन के चलते लोगों ने अपने दंत खराब कर लिए हैं। दिवंगत पिता फुलचंद अग्रवाल एवं माता सत्यभमा देवी अग्रवाल की स्मृति में आयोजित निशुल्क दंत शिविर में आये दंत वैद्य डॉ. सरोज बेन जोशी ने यह बातें कही। उन्होंने कहा की जैसे ही शहरों में अनेक डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों के सेवन के चलते और अपनी भीड़ भरी दिनचर्या के कारण बच्चों और युवाओं के दांत भी तेजी से खराब हो रहे हैं इसका एक मात्र निदान आयुर्वेदीक मंजनों तथा जीवन शैली में निरंतर सुधार से ही हो सकता है। राजकोट से आये डॉ. सरोज बेन जोशी, मुकेश कुलकर्णी आदि की टीम ने यहां वृंदावन कुंज में 82 मरीजों के दांतों का परीक्षण किया व 32 लोगों के सडे गले दांत निकाले। शिविर में शिवर्थियों के रूप में सेठ फूलचंद् अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. आरके रजक, एन एसएस के छात्र - छात्राएं सक्रिय रहे। इस अवसर पर डॉ. टीएन रमेश, स्वरूपचंद टाटिया, प्रदीप बोथरा डॉ. राजेंद्र गदिया, डॉ. शोभा गावरी, डॉ. मनोज मिश्रा, प्रदीप भंसाली, रमेश पहाड़िया, मोहन गोविंद अग्रवाल, रमेश बोथरा, यश अग्रवाल, सतीश बोथरा, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थिति थे।

## नैतिकता व्यक्तित्व विकास के लिए जरुरीः ब्रह्मकुमारी अंशु



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुडागाव(कोरासी)

जीवन में नैतिकता का गुण सबसे महत्व पुर्ण होता है। यह गुण व्यक्तित्व विकास के लिए भी जरुरी है। ग्राम पंचायत कनेसर के आश्रित ग्राम जुनवानी में रास्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर मे बौद्धिक परिचर्चा के दौरान ब्रह्माकुमारीज़ सेवा केंद्र खड्मा से आई ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने उक्त बाते कही । उन्होने स्वयं सेवक छात्र छात्राओं को आगे कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अपने लक्ष पर फोकस करे । व्यक्तित्व पर निखार लाने के लिए सकारात्मक सोच और आत्म विश्वास जरुरी है। सकारात्मक सोच के साथ आगे बढे और हमेशा सिखने के लिए तैयार रहे। कचना धुरुवा महाविद्यालय की रासेयो इकाई के स्वयं सेवको ने ग्राम जुनवानी में स्वच्छता अभियान चला कर जन जागरुकता संदेश दिया। सरपंच प्रतिनिधि कृपा राम ध्रुव ने बच्चो को शुभ कामनाएं देते हुए कहा की आप कल के भविष्य है।आपकी शिक्षा समाज को दिशा देने एवं राष्ट्र निर्माण मे सहायक तभी होगा जब इन सिख को अपने कार्य व्यवहार मे लाएंगे। स्वयं सेवको ने प्रतिदिन 4 घन्टे श्रम कार्य, बौधिक परिचर्चा, ग्राम सम्पर्क व सन्ध्या कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रमो के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं परम्पराओं पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का मंचन करते ग्रामवासियों के मनोरंजन के साथ -साथ ग्रामींणसमाज में सेवा व शिक्षा का अलख जगाने का प्रयास किया।

■ स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश

## रोज निकाली जा रही प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



आगामी 22 जनवरी को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम नगरी अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर प्रभु रामचंद्र की प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर बागबाहरा नगर जागरण टोली द्वारा प्रतिदिन नगर में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक श्रीराम के जयकारा लगाते हुए मातृ शक्तियों के साथ भजन कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभात फेरी में अयोध्या से पूजित अक्षत को सभी घरों को देते हुए आमंत्रण दिया जा रहा है।

सभी नगरवासियों से अनुरोध एवं आह्वान किया जा रहा है कि 22 जनवरी को दीपावली पर्व के रूप में मनाएं। महापर्व के रूप में मनाएं। अपने-अपने दुकानों, प्रतिष्ठानों और घरों में भगवा ध्वज लगाएं। घरों और दुकानों के सामने रंगोली बनाकर तोरण और पताका लगाएं। सायंकाल में सभी नगरवासी दीपक जलाकर भगवान श्रीराम की पूजा करते हुए भजन कीर्तन कर प्रसाद का वितरण करें और 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागी बने। बागबाहरा नगर में निकाली जा

## तहसीलदार ने किया धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण



**रसेला।** धान उपार्जन केन्द्र रसेला, कनसिधी, सिवनी, दुल्ला मंडी में स्थित धान खरीदी केन्द्रों में छुरा तहसीलदार सतरूपा साहू शुक्रवार को आकस्मिक निरीक्षण हेतु पहुंचे। जहां पर उन्होंने धान खरीदी का जायजा लिया। केन्द्र में जारी धान खरीदी की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मौके पर प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव, आपरेटर अनीस मेमन से किसानों से सुचारू तरीके से धान खरीदी की सुविधाओं का भी मूल्यांकन किया। धान खरीदी केंद्र में उन्होंने नमीं मापक यंत्र से धान का नमी मापकर देखा साथ ही धान की बोरियों में भी हाथ लगाकर नमीं आदि की जांच की, दूसरे दिन खरीदी की गई धान बोरी को मंगाकर तौलाई का अवलोकन किया। जो सही पाया गया। साथ ही साथ जो किसान का कोई कारण वश बोनस अप्राप्त है उसकी संपूर्ण कागजात के साथ सोमवार को तहसील कार्यालय में जमा करें उन्होंने उपार्जन केन्द्रों में धान बेचने आयें किसानों से चर्चा करते हुए कहा कि उन्हें धान बेचने की व्यवस्थाओं और सुविधायों के बारे में जानकारी ली। इसी कड़ी में पंचायत पहुंचकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और विलोपित करने की जानकारी ली।

### जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने की शराब की अवैध बिक्री पर कार्रवाई

# अवैध शराब जब्त, आरोपियों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामलों में कार्रवाई की है। कलमीदादर के कालीदरहा बांधा के पास बलौदा पुलिस ने दो लोगों से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी विवेक मुन्ना पिता मगन मुन्ना (23 साल) निवासी ग्राम बैतारी और रविशंकर कंद पिता भुवनेश्वर कंद (30 साल) निवासी ग्राम डोंगीझर बलौदा के पास से 8000 एमएल महुआ शराब कीमत 1600 रुपए को जब्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह पिथौरा पुलिस गौतम ठाकुर पिता जेठूराम ठाकुर निवासी जम्हर से उसके घर की बाड़ी से 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किए। वहीं सहसराम बरिहा पिता अमर सिंह बरिहा (50 साल) निवासी खुसरूपाली के पास से बड़गांव जाने के रास्ते में 7000 एमएल महुआ शराब कीमत 1400 रुपए जब्त किया है। इन आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



तुमगांव पुलिस ने ग्राम जोबा से कुकराडीह रोड पर बाइक के जरिए शराब का परिवहन कर रहे आरोपी शंकर ध्रुव पिता जहुर सिंह (35 साल) निवासी मालीडीह के पास से 6300 एमएल देशी प्लान शराब कीमत 2800 रुपए को जब्त किया है। बसना पुलिस ने आरोपी लच्छीराम पटेल पिता साखाराम (29 साल) ग्राम नवगड़ी के घर की बाड़ी से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया हैं। वहीं ग्राम जमदरहा रोड पुल के पास बाइक से शराब का परिवहन कर रहे आरोपी धरम सिंह चौहान पिता चिंताराम (50 साल) निवासी ग्राम बेलटिकरी से 10000 एमएल महुआ शराब कीमत 2000 रुपए जब्त किया गया है। इन मामलों में आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (ए), 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं पटेवा पुलिस ने ग्राम रायतुम के भारत ठाकुर पिता पिलादाऊ ठाकुर (26 साल) के पास से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर आबकारी एक्ट की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज किया है।

इसी प्रकार तेंदूकोना पुलिस ने ग्राम सम्हर में लोकेश कुमार चौहान पिता पिलाबाबू चौहान (29 साल) निवासी ग्राम रेवा के पास से 3060 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 1360 रुपए को जब्त करते हुए आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

## रात्रि में चाकू और नकली पिस्तौल की नोक पर लूटने वाला गैंग हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एक दिन पूर्व गुरुवार को बेलसोंडा में दिनदहाड़े मोटर सायकल की चोरी और रात को लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक महिला, दो अपचारी बालक सहित पांच लोगों के गैंग को गिरफ्तार कर लिया गया है। रात में हुई लूट की घटना को अंजाम देने के बाद मौके से फरार सभी आरोपियों को खल्लारी में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजेश कुकरेजा द्वारा गठित पुलिस टीम ने अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र करना शुरू किया गया। प्रार्थी के बताए अनुसार टीम बागबाहरा की रवाना हुए।

तभी खल्लारी के पास महिला सहित कुल 04 व्यक्ति मिले, जिनसे नाम पता पूछने पर महिला ने अपना नाम एम स्वर्णा पिता एम जगदीश 20 वर्ष ग्राम अनकापेल्ली विशाखापट्टनम हाल मुकाम श्याम नगर तेलगु मोहल्ला लिंक रोड पावर हाउस भिलाई एवं पुरूष ने अपना नाम सलमान अली पिता मो हुसैन 25 वर्ष वार्ड न0 16 लोधीपारा तरूणनगर थाना सिविल लाईन रायपुर तथा दो अपचारी बालक बताएं।

## खबर संक्षेप

### पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था



**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था की गई। राजेंद्र चंद्राकर व संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने पक्षियों के लिए धान झाला बांधा। पीपल वृक्ष एवं घर के बाहर में पक्षियों को गर्मी में ठंडे जल की तलाश रहते है। पक्षियों को पानी के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है।

### स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में आध्यात्मिक गुरु एवं समाज सुधारक एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत करने वाले स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। जिसमें पूर्व उपसरपंच गिरिजा चंद्राकर, सरस्वती चंद्राकर, उषा चंद्राकर, सरोज चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हर साल 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई जाती है।

### छात्रों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण हुआ

**महासमुंद।** राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आरोग्य चिल्ड्रन हॉस्पिटल की डॉ योगिता राठी द्वारा नगर के सुभाष नगर प्राथमिक शाला में अध्ययनरत बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। संस्था के प्रधान पाठक केशव साहू ने बताया कि डॉ योगिता राठी द्वारा विवेकानंद से प्रेरित होकर शाला में अध्ययनरत सभी बच्चों को सर्वप्रथम स्वस्थ जीवन के दिनचर्या कैसी होनी चाहिए? की जानकारी दी गई। साथ ही व्यायाम अनिवार्य रूप से करने कहा। हरी सब्जियों व फलों का सेवन करने संबंधी सलाह दी गई। इस दौरान स्कूल के सभी बच्चों का वजन, ऊंचाई, ऑक्सीजन लेवल व हार्टबीट की जांच की गई। इस दौरान डा सीपी साहू, आकाश सोनी व लक्ष्मी खुंटे मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू, वार्ड पार्षद हेमलता यादव, संकुल समन्वयक पवन साहू, प्रधान पाठक केशव साहू, शिक्षक परमेश्वर कंवर व योगेश चेलक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद और स्व अनुशासन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

एंजेल एंग्लो हाईस्कूल में 19वीं वार्षिक स्पोर्ट्स मीट का हुआ समापन। छात्र-छात्राओं संग फैकल्टी ने लिया हिस्सा येलो हाउस की टीम ने मारी बाज़ी। स्पोर्ट्स मीट के दौरान एनुअल स्पोर्ट्स में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, रेस का आयोजन किया गया।

स्पोर्ट्स मीट में कक्षा-1 से कक्षा-12 वीं के गर्ल्स व बॉयज़ ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। बच्चों को 4 टीम में बांटा गया था, रेड हॉउस, येलो हॉउस, ब्लू हाउस और ग्रीन हाउस। येलो हाउस के बच्चों ने उमा गोस्वामी और चुलेश्वरी ध्रुव के मार्गदर्शन में सबसे ज्यादा अंक 200 के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। चिराग नेताम और प्राची कुटारे के मार्गदर्शन में 135 अंकों के साथ दूसरा स्थान रेड हाउस ने प्राप्त किया। प्राचार्य स्टेफ़र्ड बंस ने बताया कि एंजेल एंग्लो हाइस्कूल में बच्चों की पढ़ाई ले साथ सभी एक्टिविटी का ख़ासा ध्यान रखा जाता है। स्पोर्ट्स के माध्यम से हम एक दूसरे के साथ समूह बना कर रहना सीखते हैं। खेल से बेहतर कोई शिक्षा नहीं। विभिन्न वातावरणों में अन्य बच्चों के साथ खेलना वस्तुतः बच्चों के लिए सीखने, अभ्यास करने और स्वयं को अभिव्यक्त करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए बुनियादी आधार तैयार करता है। उन्होंने कहा कि अधिकांश शिक्षण गतिविधियाँ व्यक्तिगत फोकस और एक अलग वातावरण में गहनता से अध्ययन करने पर केंद्रित होती हैं। खेलते समय, लुका-छिपी से लेकर टैग खेलने तक, आपका बच्चा समूह की गतिशीलता को समझता है और सीखता है और लोग एक-दूसरे के साथ कैसे बातचीत करते हैं। माता-पिता-बच्चे की गतिशीलता में, केवल अनुशासनात्मक या आधिकारिक संचार होना एक अच्छे माता-पिता होने से संबंधित नहीं है। अपनी सुरक्षा को कम करना और अपने बच्चे के साथ उनके स्तर पर जुड़ना बंधन को और मजबूत करता है, और उन्हें यह भी सिखाता है कि अन्य वयस्कों के साथ विनम्र तरीके से कैसे बातचीत करनी है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेल जरूरी है। खेलों से बच्चों का शारीरिक विकास तो होता है।



### विजेता किए गए पुरस्कृत

कार्यक्रम के पश्चयात सभी विजेताओं को स्कूल के प्राचार्य स्टेफर्ड बंस द्वारा मेडल और सर्टिफिकेट से पुरस्कृत किया गया। विजेता टीमों को प्रोत्साहित किया। रनरअप टीमों व खिलाड़ियों को और मेहनत करने की नसीहत दी गई।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का किया शुभारंभ

# भारत को विकसित राष्ट्र बनाने और नई ऊंचाईयों पर ले जाने का युवाओं से आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नासिक में 27 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का शुभारंभ किया। युवाओं के आदर्श स्वामी विवेकानन्द के जयंती पर इस महोत्सव का आयोजन किया है। पॉच दिनों की थीम है- मेरा भारत विकसित भारत 2047 युवाओं द्वारा युवाओं के लिए सक्षम युवा समर्थ भारत। राष्ट्रीय युवा दिवस महोत्सव का जिला स्तरीय कार्यक्रम आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र के नासिक से युवा संवाद के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद अध्यक्ष गरियाबंद लालीमा ठाकुर, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, जनपद सीईओ पदमिनी हरदेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

- राष्ट्रीय युवा दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्बोधन युवाओं ने सुना

27वें राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीपप्रज्जलित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्री गफ्फार मेमन ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिए और उसे अपने उपर आत्मसाद करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि युवाओं को अपने माता-पिता एवं गुरूजनों का हमेशा सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कम उम्र के बच्चों को दोपहिया एवं चार पहिया वाहन चलाने से दूर रहना चाहिए। निश्चित उम्र के उपरांत ही युवाओं को सड़क में गाड़ी चलाना चाहिए।



### हमेंशा अपने लक्ष्य के प्रति सजग रहें : कलेक्टर

इसी तरह जनपद अध्यक्ष लालिमा ठाकुर कहा कि सभी युवा देश के भविष्य है। इसलिए शुरू से ही अपनी नींव को मजबूत बनाये रखे। युवाओं को अपने लक्ष्य कभी नहीं भूलना चाहिए।
कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने विद्यार्थी एवं युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द से हमें यही शिक्षा लेनी चाहिए कि हमें जो करना है। जो कुछ भी बनना है, उस पर ध्यान देना चाहिए और अपना सामर्थ्य पूरी ईमानदारी एवं एकाग्रता लगानी चाहिए जिससे लक्ष्य हासिल किया जा सके। यदि जीवन में सफल होना है तो सदा हमें अपने लक्ष्य प्रति ध्यान केन्द्रित करना चाहिए। युवाओं को सफलता प्राप्त के लिए जीवन में अनुशासित रहना चाहिए।

### युवाओं को रोजगार संबंधित दी जानकारी

इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अशोक पाण्डेय ने बाल अधिकार, सुरक्षा व विकास, बाल मनोविज्ञान, स्वच्छ भारत मिशन के सलाहकार परवेज हनफी ने स्वच्छता अभियान (कचरा प्रबंधन) स्वच्छता ड्राईव पर जानकारी दी एवं कौशल विकास के सहायक संचालक सृष्टी शर्मा ने युवाओं को रोजगार से संबंधित जानकारी, पुलिस विभाग द्वारा उप पुलिस अधीक्षक नीशा सिन्हा ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन पतांजली मिश्रा ने किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं युवाओं ने कलेक्टर से चर्चा कर सफलता प्राप्त करने के संबंध जानकारी ली।

# रत्नांचल क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में हरिभूमि निभा रही है महती भूमिका : जनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

हरिभूमि अखबार 2024 के कैलेडर का गरियाबंद जिले के गणमान्य नागरिक के उपस्थिति में विमोचन हुआ। इस अवसर पर बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि रत्नांचल क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए हरिभूमि महती भूमिका निभा रही है, क्षेत्र के हर प्रमुख समस्याओं को हरिभूमि अखबार प्रमुखता के साथ प्रकाशित कर क्षेत्र के समस्याओं के समाधान के लिए प्रयासरत रहा है। जिसका जितना भी तारिफ किया जाए कम है। हरिभूमि अखबार जिस सजगता के साथ प्रदेश व देश के समस्याओं को उठाकर सामने लाता है, वह अपने आप में एक मिशाल है हरिभूमि ने अपनी स्थापनाकाल से लेकर अब तक जनता के प्रति अपनी प्रतिब्धदता को नही छोडा, हर खबर को जनता तक पहुचाई है, और सच के साथ हमेंशा खडा रहा है।

- हरिभूमि 2024 के कैलेंडर विमोचन पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू एंव बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव ने किया

महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चन्दुलाल साहू ने कहा हरिभूमि अखबार गांव से लेकर शहरों तक प्रत्येक घटना क्रम की कवरेज प्रमुखता के साथ करती है, यह हरिभूमि के लिए बडी उपलब्धी है, उन्होने कहा कि हरिभूमि मिडिया गुरप दैनिक समाचार पत्र के अलावा विभिन्न प्रकार के सप्ताहिक सप्लीमेंट उपलब्ध करता है इसमे महिलाओं के सहेली, बच्चों के लिए बालभूमि, युवाओं के लिए मंजिल, रविवार स्पेशल, रविवार भारतीय, मनोरंजन के लिए रंगारंग तथा सांस्कृतिक मैग्जीन चौपाल प्रकाशित करता है, उन्होने कैलेंडर प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त करते हुए हरिभूमि परिवार को शुभकामनाए प्रेषित की है।



### इनकी रही उपस्थिति

इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा, रामदास वैष्णव, पत्रकार रूपेश साहू, पुलस्त शर्मा, मोहन कुशवाहा, महेश कश्यप, मनोज निर्मलकर, महेन्द्र सोनी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, शाहिद मेमन, महामंत्री गेंदु यादव, नेयाल नेताम, सरपंच भाठीगढ जिलेन्द्र नेगी, सरपंच मैनपुर बलदेव राज ठाकुर, सरपंच देहारगुडा, डिगेश्वरी साण्डे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियंका कपील, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हबीब मेमन, नंदकिशोर पटेल, वरूण पटेल, कमार विकास अभिकरण के सदस्य पिलेश्वर सोरी, खेलन दीवान, हरिश्वर पटेल, उत्तम पटेल, शेख फैजान, डोमार साहू, विरेन्द्र श्रीवास्तव, ओलोक गुप्ता, सरफराज मेमन, तुलसी राठौर, कृष्णा नेताम, प्रकाश पटेल, शेखर पटेल, सहित बडी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे। अंत में मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान सभी का आभार प्रदर्शन किया ।

कलेक्टर गरियाबंद सहित सभी विभाग के आला अधिकारियों को कैलेंडर भेट किया गया।

मैनपुर संवाददाता शेख हसन खान गरियाबंद जिला के कलेक्टर दीपक अग्रवाल एंव सभी विभाग के आला अफसरो से लेकर स्थानीय अधिकारी कर्मचारी एंव जनप्रतिनिधि सरपंच तथा क्षेत्र के ग्रामीणों को हरिभूमि 2024 का कैलेंडर भेंट किया।

# संतोष सोनी बने सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**नवापारा-राजिम।** नगरपालिका नवापारा के सफाई कर्मचारियों की एक विशेष बैठक हुई। जिसमें नए पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। यह जानकारी देते हुए संघ के कोषाध्यक्ष सुनील नायक ने बताया कि अध्यक्ष के रूप में संतोष सोनी को चुना गया है। उपाध्यक्ष भीम बंछोर, सचिव सदन साहनी, उप सचिव महादेव नायक, संरक्षक टिंकू सोनी, मुख्य सलाहकार भूजन साहनी, कोषाध्यक्ष संतराम सोनी, सुनील नायक बनाए गए है। कार्यकारिणी में बबलू साहनी, संजू महानंद, सुनील नायक, अर्जुन साहनी, आदेश सोनी, लखेश्वर साहनी, जूगे मच्चखंडे, रोहन साहनी, सागर साहनी, अजय बघेल, नीतिन साहनी, चंदन सोनी, मोहन साहनी, जगेश्वर साहनी, रवि साहनी, अर्जुन साहनी, राजेश साहनी, लाल सिंह पाण्डया,आरती सोनी, खेदिया साहनी, अरूणा, मंजू साहनी, चैती साहनी, सरोज साहनी, कविता साहनी शामिल है। इन सभी पदाधिकारियों को नगरपालिका परिषद ने शुभकामनाएं दी।



# पीएम जनमन शिविर से कई परिवार हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम गुंडरदेही में विगत दिनों प्राथमिक शाला परिसर में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार परिवार के लिए समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम बमनदेही के 39 परिवार 116 सदस्यगण के तथा ग्राम बंनगवा 20 परिवार के 72 सदस्य उपस्थित रहे। जिसमें राशनकार्ड,आयुष्मान कार्ड, बैंक खाता, प्रधानमंत्री आवास सर्वे, नल जल योजना, महतारी वंदन योजना के संबंध में कमार परिवार के हितग्राहियों का शिविर आयोजित कर शासन के योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु कमार परिवार के सदस्यों को प्रशिक्षण सह उनके समस्याओं का निराकरण किया गया। शिविर प्रभारी सचिव कुलेश्वर कोसरे, स्वास्थ्य विभाग से गुरुनानक साहू, डोमन नायक अशोक साहू, साहू मैडम, बैंक ऑफ बड़ौदा से आवास मित्र तामेश्वर निषाद, आदिवासी विकास शाखा से प्रभारी के साथ साथ सरपंच आनंद राम साहू, उप सरपंच चिंता राम ध्रुव, पंच यशवंत यादव, तारनी ध्रुव, ग्राम प्रमुख समाज प्रमुख रामाधीन कमार, कुमार सिंग कमार, ताराचंद कमार, मनिहारिन, मातु, अशोक, मनोज, दयालु, श्यामकुमारी, सामरी, अजीत कमार, मुन्ना लाल, कविता पुन्नी बाई, पुनीत राम, कन्हैया कमार सहित ग्राम वासी उपस्थित थे।



# पीएम जनमन मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**छुरा।** जिला पंचायत सीईओ के निर्देश पर जनमन मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनमन मितान प्रशिक्षण कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित कई विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए। वहीं हर पंचायत से दो जनमन मितान चुने गए हैं जो प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए इन सभी को इस योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बतादें कि पीएम जनमन योजना का उद्देश्य स्वास्थ्य, शिक्षा, आजिविका में अंतर समाप्त कर पीवीटीजी सदस्यों की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार करना साथ ही विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह समुदायों, परिवारों एवं बस्तियों को बुनियादी सुविधाओं एवं सेवाओं से संतृप्त किया जाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी विभाग के अधिकारियों एवं जनमन मितानों को विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत छुरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमजद जाफरी, विकास खंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी चंदु साहू, चित्रा साहू जिला समन्वयक युनिसेफ गरियाबंद, दुखुराम कमार विकास प्राधिकरण सदस्य के साथ पीएम जन-मन मितान एवं अधिकारी कर्मचारियों के साथ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# योजनाओं को घर तक पहुंचाने की संकल्प है भारत यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन को दिलाने के लिए शुरू की गई है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की शिविर का आयोजन शुक्रवार को फिंगेश्वर ब्लॉक के ग्राम कौन्दकेरा में हुआ। उक्त शिविर में के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू शामिल हुए। अन्य अतिथियों में सरपंच गणेश डहरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष सोमप्रकाश साहू, मकसूदन साहू, ओमकार साहू शामिल हुए। जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से लोगों की काफी समस्याओं का समाधान हुआ है। सरकार की ओर से प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने की सकारात्मक कोशिश की गई है। यात्रा से लोगों को उनके घर द्वार पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लोगों की भलाई के लिए लगातार सकारात्मक प्रयास कर रही है और यह यात्रा उसी सोच का नतीजा है। इस दौरान मनोज विश्वकर्मा, मदन साहू, भूषण साहू, हीरालाल साहू, बाबूलाल साहू, कृष्णा साहू, द्विजलाल साहू, सुभाष शर्मा, नेमन्त साहू, तोरण साहू, युवराज साहू, चुम्मन साहू, किरण टंडन, नारायण साहू, रेखराम साहू, सागर सतनामी, शिवदयाल, संतोष साहू सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामवासी और अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

- कौंदकेरा में आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा



# कोकड़ी क्रिकेट स्पर्धा में 36 टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

ग्रामीण अंचल में टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजत जगह–जगह किए जा रहे हैं। जिसमें जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम लगातार पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं। इसी कड़ी में ग्राम कोकड़ी में आयोजित सात दिवसीय टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों का आयोजन समिति में सर्वप्रथम आत्मीय स्वागत किए तत्पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए फाइनल मुकाबले का लुत्फ उठाया। कोकड़ी में हुए क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 36 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मैनपुर कला व शोभा के बीच खेला गया। जिसमें मैनपुर कला ने शोभा को 5 रनों से हराकर जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि संजय नेताम ने दोनों टीम को बधाई और शुभकामना देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

- विजेताओं को जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय ने बांटे पुरस्कार



### विजेता टीम मैनपुर कला 10 हजार रूपये से पुरस्कृत

कहा कि इसी तरह आप सब खेलते रहें और अपने क्षेत्र व अपना नाम रोशन करते रहे। आप सब ने आत्मीय स्वागत किया उसके लिए हृदय से आभार प्रकट करता हूं। आप सब का सहयोग सदैव बना रहे। इस दौरान विजेता टीम मैनपुर कला को दस हजार रूपये नगद व ट्राफी, उपविजेता शोभा को सात हजार रूपये नगद व ट्राफी, तीसरा मुंहकोट को तीन हजार रुपए तथा चौथे स्थान की टीम कांदाखोदरा को 1501 रूपये देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर जनपद सभापति घनश्याम मरकाम, सरपंच सखाराम मरकाम, रामेश्वर ध्रुव, नारद पटेल, मना राम, श्याम कुमार मरकाम, सरजू राम नेताम, पहलवान मरकाम, रनसाय मरकाम, सतनमी मरकाम, नकुल मरकाम, सखा राम मांडवी, कारू राम मरकाम, नादलाल पुजारी, गोपाल राम मरकाम, उत्तम कुमार, रविन्द्र कुमार नेताम, पतंग कुमार मरकाम, बासु देव मरकाम, करण मरकाम, चरण मरकाम, धनी राम नेताम सहित बड़ी संख्या में आसपास के जनप्रतिनिधि, खिलाड़ीगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

# केंद्र व राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के व्यक्ति तक मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

केंद्र के नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा पिछले 09 वर्षों में गांव, गरीब, आदिवासी एवं सभी वर्गों के विकास के लिए ऐतिहासिक कार्य किया गया है, इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक मिले यह जिम्मेदारी भाजपा के एक एक कार्यकर्ता की है और विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जो शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके पिछे मुख्य उददेश्य भाजपा सरकार की योजनाओं का धरातल में कितना कार्य किया गया है और कितने लोगों को लाभ मिल रहा है यह जानना है।

श्री पुजारी ने कहा कि भाजपा की सरकार बगैर कोई भेदभाव के सबके साथ सबका विकास के लिए कार्य करती है, आज छत्तीसगढ के भाजपा सरकार और केन्द्र की भाजपा सरकार दोनो मिलकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ, उज्जवला योजना, हर घर तक पानी पहुचाने जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना, वन नेशनवन कार्ड , प्रधानमंत्री वि”वकर्मा योजना जैसे अनेक योजनाए संचालित कर रही है।

### संकल्प यात्रा के तहत हितग्राहियों को सामग्री का किया गया वितरण



#### स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी जानकारी

भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष एंव जनपद सदस्य निर्भय सिंह ठाकुर तथा भाजपा महिला मोर्चा के वरिष्ठ नेता नंदनी नेताम ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा अनेक स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सभापति एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा निर्भयसिंह ठाकुर, सरपंच कुंतला बाई नेताम, देवीसिंह नागेश, नवीन मांझी, लक्ष्मण यादव, प्रमोद तिवारी, मथुरा नागेश सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण से योगेश ने की भेंट



**मैनपुर।** भाजपा के नये प्रदेश अध्यक्ष किरण देव से रायपुर में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने सौजन्य मुलाकात कर संगठन के गतिविधियों से अवगत कराया साथ ही उन्हे मैनपुर क्षेत्र के आगमन का निमंत्रण दिया जिस पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने जल्द ही मैनपुर आने की बात कही है।

### ठंड के सीजन में गर्मी का एहसास कूलर, पंखा चलाने की नौबत

**महासमुंद।** लगातार बदल रहे मौसम के सिस्टम से ठंड गायब हो गई है। इन दिनों पश्चिम विक्षोभ का असर बना हुआ है। जिसके चलते आसमान में बादल मौजूद हैं, तापमान में भी वृद्धि हुई है। जिससे हल्की गर्मी की स्थिति बन गई है। वहीं, मौसम विभाग की मानें तो दिन के बाद फिर से ठंड बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। न्यूनतम तापमान में 3 से 4 डिग्री तक गिरावट संभव है। बता दें कि बीते कुछ दिनों से दिन का तापमान सामान्य से 9 डिग्री बढ़कर 30 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान का स्तर भी 16 डिग्री है। इधर गुरुवार से विक्षोभ का असर कम होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि विक्षोभ का इसके साथ ही आसमान साफ होगा। मौजूद बादल छटेंगे, जिससे तापमान में गिरावट की शुरुआत होगी। मौसम विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान में बड़ी गिरावट हो सकती है। इससे रात में ठंड एक बार फिर बढ़ने की प्रबल संभावना है। इसका असर शनिवार से ही दिखना शुरू हो जाएगा। इधर शुक्रवार को मौसम साफ रहा। कुछ दिनों पूर्व गुनगुने धूप का आनंद लेने को तरस रहें लोगो को शुक्रवार धूप की चूभन महसूस हुई। दिन में गर्मी लगने से पंखे चलाना पड़ा। हालांकि, शाम होते ही ठंड का एहसास शुरू हो गया।

## भेंडरी में विवेकानंद की जयंती को युवा दिवस के रूप में मनाया गया

# स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में उतारकर स्वयं को संवारें: चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

शुक्रवार को शासकीय प्राथमिक शाला भेंडरी में स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस युवा दिवस के अवसर पर संस्था के प्रधानपाठक राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित भागचंद चतुर्वेदी द्वारा स्वामी विवेकानंद के महान आदर्शों के सम्बंध में कविता के माध्यम से भारत की सहजता व सभ्यता के बारे में संसार को था बताया। और कहा कि उन्होंने युवाओं को आह्वान न केवल बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए किया बल्कि शारीरिक शक्ति बढ़ाने पर भी बल दिया। स्वामी के अनमोल वचन उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो होता। ज्ञान व्यक्ति के मन में विद्यमान है। वह स्वयं ही सीखता है। मन वचन कर्म की शुद्धता आत्मा नियंत्रण है शिक्षा से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक,नैतिक, आध्यात्मिक विकास होता है। लड़के और लड़कियों को शिक्षा का समान अधिकार मिलना चाहिए।



### कार्य योजना पर बैठक

मध्यान्ह भोजन बाद शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला भेंडरी संकुल केन्द्र लोहरसी विकासखंड फिंगेश्वर के सयुक्त तत्वाधान में शाला प्रबंधन समिति का बैठक शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। बैठक में शाला विकास योजना एस डीपी बनाकर ग्राम पंचायत में आयोजित वार्षिक कार्ययोजना जी पीडीपी 2024-2025 में सायकिल स्टैंड, बालिका शौचालय, शाला प्रवेश द्वार लगाने एवं प्रांगण का सौंदर्यीकरण को शामिल करने, नवोदय चयन परीक्षा तैयारी, अर्ध वार्षिक परीक्षा परिणाम बच्चों की नियमित उपस्थिति सहित समिति के सदस्यों द्वारा कार्ययोजना बनाया गया। बैठक में शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भारत लाल साहू, ग्राम पंचायत सरपंच मोहनलाल साहू, उपसरपंच आनंद राम साहू, पंच धनजय साहू टीकूराम ध्रुव, रेखराम निषाद, प्रदीप कुमार साहू उपस्थित थे।

### विवेकानंद ने पूरे विश्व में सनातन व हिंदू धर्म का झंडा लहराया : यशवंत



**छुरा।** सरस्वती शिशु मंदिर में शुक्रवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। बच्चों ने प्रभात फेरी निकाल कर नगर भ्रमण किया। बच्चों ने विवेकानंद के रूप में वस्त्र धारण कर उनकी झांकी निकल एवं रंगोली, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य के रूप रुप में पत्रकार यशवंत यादव ,उज्जवल जैन, समाज सेवी शीतल ध्रुव एवं मानसिग निषाद और संस्था के प्राचार्य संतोष वर्मा थे। इस अवसर पर यशवंत यादव ने कहा कि आज यह दिवस पूरे देश में युवा दिवस के रूप में भी मनाया जा रहा है। हम सब युवा होने के दहलीज पर खड़े हैं और युवा होने का आसय है की असीम ऊर्जा का स्रोत, उत्सह और देश, धर्म के लिए बहुत कुछ करने की क्षमता होती है। उन्होंने वसु देव कुटुंबकम की अवधारणा के साथ पूरा विश्व हमारा परिवार है के उद्देश्यों को लेकर कार्य किया और पूरे विश्व में सनातन व हिंदू धर्म की झंडा लहराया और लोगों को बताया की सनातन धर्म कितना महान और कितना विस्तार है और इसी से ही सभी प्रेरणा ले।

**निबंध में दिशा प्रथम** : चित्रकला में बाल वर्ग से प्रथम अंजली यादव कक्षा अष्टम, द्वितीय कुस्मिता षष्ठ, तृतीय प्रेरणा यादव अष्टम, निबंध में प्रथम दिशा शर्मा अष्टम, द्वितीय प्रेरणा यादव अष्टम, तृतीय अमनदीप साहू षष्ठ और रंगोली में चित्रगंधा सप्तम, द्वितीय अस्मिता साहू अष्टम, तृतीय सौम्या लहरे षष्ठ, इसी प्रकार किशोर वर्ग के भैया बहनों में चित्रकला से प्रथम अविनाश साहू नवम, द्वितीय तुषार साहू, तृतीय रघुवीर दशम, निबंध में प्रथम ईशिका दशम, द्वितीय दिशा छेदैया नवम, तृतीय चन्द्रप्रभा दशम को स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संतोष वर्मा, आचार्य सेवक राम निषाद, टीकम मरकाम, हरीश शर्मा, किरण वर्मा, सीताचरण नेताम, अजयकान्त पाण्डेय, होरीलाल साहू, कविता यदु, टिकेश्वरी तारक, टोमन ठाकुर, मनोज निर्मलकर, मैनाज बेगम, ओम डहरिया, भारती यदु, पम्मी साहू, सरस्वती सिन्हा, अन्जूरानी द्विवेदी उपस्थित थे।

### सफलता शर्म से नहीं साहस से मिलती है : सिन्हा

**गरियाबंद।** प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द में शुक्रवार को तंबाकू निषेध पर शपथ लिया गया और स्वामी विवेकानंद जयंती मनाया गया। शिक्षक खोमन सिन्हा ने बताया कि स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता मैं हुआ था उनके बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था। स्वामी विवेकानंद का कथन था उठो जागो तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए जब तक जीना तब तक सीखना है। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है वह हमेशा कहते थे कि लोगों की निंदा से परेशान होकर अपना रास्ता ना बदलना क्योंकि सफलता शर्म से नहीं साहस से मिलती है। स्वामी जी विश्व के भारतीय संस्कृति को समर्पित करने वाले महान आध्यात्मिक समाज सुधारक युवाओं की प्रेरणा श्रोत रहे उन्होंने कहा था जीवन में सब कुछ अस्थाई है अगर सब कुछ अच्छा चल रहा है तो उसका आनंद लेते रहे क्योंकि वह हमेशा रहने वाला नहीं है। संघर्ष जितना बड़ा होगा जीत उतनी ही शानदार होगी। सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं ग्राम वासियों ने नशा न करने का शपथ लिया। जिसमें प्रमुख रूप से शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खिलावन साहू, उपाध्यक्ष ज्योति वर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पूर्णिमा सेन, शिक्षक घनश्याम कंवर, चुमेश वर्मा, भागाबाई, मंदाकिनी साहू, धनेश्वरी, विनम्रता, सोनम, खेमूराम, डेरहाराम भउपस्थित रहे।



# युवराज राज्यपाल से हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इदागांव के भारत स्काउट गाइड्स के छात्र युवराज यादव को छत्तीसगढ के राज्यपाल द्वारा द्वारा सम्मानित किया गया।

राज्यपाल विश्वभुषण हरिचंदन के करकमलों से राजभवन के दरबार हॉल में, शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विनोद सेवन लाल चंद्राकर राज्य मुख्य आयुक्त, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी की गरिमामई उपस्थिति में राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र दिया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदागांव आदिवासी विकास खण्ड मैनपुर के युवराज यादव स्काउट को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य पुरस्कार सम्मान से सम्मानित किया गया। विकास खंड मैनपुर से यह द्वितीय अवसर है जिसमें राज्यपाल के करकमलों से यह सम्मान प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंदागांव के स्काउट को यह सम्मान दिया गया।

### डीएवी स्कूल मुंगझर में मनाया गया युवा दिवस



**मैनपुर।** डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल मुंगझर में शुक्रवार को युवा दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानंद की 161 वीं जयंती मनाई गई। जिसमें सर्व प्रथम प्राचार्या सुमिता सिंह ने मां सरस्वती जी का पूजन किए तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर, पुष्प माल्यार्पण किया गया।

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। साथ ही स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्या ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। प्राचार्या ने बच्चों को युवा शक्ति, नवाचार और अपने कर्तव्यों को दृढ़ता से करते हुए निरन्तर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम करने की सीख देते हुए बच्चो का मनोबल बढ़ाया। विद्यालय से देवभोग तक बच्चों के द्वारा रैली निकाली गई। रैली विद्यालय से देवभोग जगन्नाथ मंदिर, माझी पारा होते हुए रेस्ट हाऊस पहुंची जहां पर पूर्व सांसद चंदूलाल साहु एवं पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी के द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। उनके द्वारा बच्चों का मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक- शिक्षिका मौजूद रहें।

## मानस सम्मेलन को लेकर बैठक में बडी संख्या में पहुंचे ग्रामवासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- ग्राम हरदीभाठा में होगा प्रदेश स्तरीय मानस सम्मेलन का आयोजन

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाटा में पुरे जिले में सबसे ऐतिहासिक मानस सम्मेलन का आयोजन वर्षों से किया जा रहा है। हरदीभाठा का मानस सम्मेलन काफी प्रसिध्द है मानस सम्मेलन को लेकर ग्रामवासियों का एक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि 2 फरवरी से प्रदेश स्तरीय भव्य मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए ग्रामवासियों द्वारा बैठक कर सर्वसम्मति से इस वर्ष मानस सम्मेलन समिति बनाई गई है। जिसमें संरक्षक पंडित योगेश शर्मा,लालाराम पटेल, धनसाय सोनवानी, विश्राम यादव, रफीक भाई को बनाया गया है।



अध्यक्ष महेश कश्यप, उपाध्यक्ष भागीरथी निषाद ,कोषाध्यक्ष याति राम पटेल, सचिव लोचन निर्मलकर, सह सचिव लखन जगत को बनाया गया हैं। इस बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच दुलिया ध्रुव, रामसाय निर्मलकर, रामरतन पटेल, गजेंद्र यादव, मोहित पटेल, राजकुमार सोनवानी, शालिक पटेल, सुंदर निर्मलकर, नरेश डोंगरे, राजकुमार यादव, नरेंद्र साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। 1 फरवरी को ग्राम हरदीभाटा से मैनपुर नगर तक भव्य शोभायात्र व कलश यात्र निकाली जायेगी।

## धीवर समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ धीवर (ढीमर) समाज महासभा रायपुर के तत्वावधान में 7 जनवरी को छत्तीसगढ़ स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा हाईस्कूल ग्राउंड धमधा दुर्ग में धीवर समाज द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत किए। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू और पूर्व विधायक लाभचंद बाफना भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने न्याय को जीत दिलाया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में मछुवा सहकारी समितियों को प्राथमिकता दी गई थी। सरकार समाज को पुनः प्राथमिकता देगी। समाज को आगे बढ़ाने मछुवा बोर्ड को बढ़ावा दी जाएगी। रायपुर में समाज के भवन के लिए राशि की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने समाज की हर आवश्यकताओं को क्रमशः पूरा करने का भरोसा दिलाया।

मुख्य अतिथि शर्मा ने समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। विधायक ईश्वर साहू ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी का अभिवादन किया।

## डीजे के साथ निकाली गई अक्षत कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम

शुक्रवार को ग्राम जौन्दा में श्रीराम जानकी मंदीर में पूजा - अर्चना कर अक्षत कलश यात्रा बाजे गाजे व डीजे के साथ निकाली गई। व घर - घर जाकर अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला की स्थापना के शुभ अवसर पर ग्रामीणों के द्वारा दीपोत्सव मनाकर सहभागी बनने आमंत्रित किया गया। उक्त कलश यात्रा में भाजपा नेता टीकम चन्द साहू सहित ग्राम जौन्दा के मंदीर के पूजारी श्री गणेश प्रसाद तिवारी, दीपक राजपूत, रविशंकर ठाकुर,संदीप यादव,शिवकुमार साहू, जीवन बया, पवित्र सिंह ठाकुर, भूरवा सतनामी, कमलनारायण ठाकुर एवं कलश



ढोने वालों भद्र महिलाओं में गायत्री तिवारी,शारदा ठाकुर सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर ठाकुर पारा, साहूपारा, गोंड़ पारा, सतनामी मोहल्ला होते हुए वापस राम जानकी मंदिर में अक्षत कलश यात्रा का समापन किए।

## विकसित भारत 2047 पर भाषण प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**गरियाबंद।** नेहरू युवा केंद्र रायपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन शा. वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर कॉलेज, गरियाबंद में 9 जनवरी को आयोजित किया गया। इस भाषण प्रतियोगिता का विषय माय भारत – विकसित भारत @2047 था। प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य युवा की देश निर्माण मे भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस प्रतियोगिता में 35 से अधिक युवाओं ने पूरे जिले से भाग लिया। कृपेन्द्र तिवारी को प्रथम स्थान, पुष्कर ठाकुर को द्वितीय स्थान व तृतीय स्थान सोनिया सोनी को प्राप्त हुआ।

कृपेन्द्र तिवारी ने अपने भाषण मे बताया की भारत को विकसित बनाने के लिए युवा को ही प्रयास करना पड़ेगा। उन्होंने कहा की अनुशासन, कड़ी मेहनत व मजबूत संकल्प के साथ भारतीय परंपरा और संस्कृति को पिरोते हुए भारत विकसित राष्ट्र बन सकता है। संस्कृति, तकनीक व युवा शक्ति के सुगम मेल से ही भारत विकसित हो सकता है। अर्पित तिवारी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र, रायपुर ने बताया की उक्त भाषण प्रतियोगिता देश के सभी 763 जिलों मे हो रही है। इस भाषण प्रतियोगिता के माध्यम देश निर्माण व देश को विकसित बनाने के लिए युवाओ के विचारों का आदान प्रदान करने के मंच प्रदान करना था साथ ही इस गतिविधि को युवा दिवस व राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उपलक्ष्य मे कराया जा रहा है। छन्नू लाल तारक, परीक्षा प्रभारी, शा वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर कॉलेज, गरियाबंद ने युवाओ को अच्छे वक्ता बनने के गुण सिखाए व समझाए। उन्होंने भाषण की बारीकियों से युवाओं को रूबरू कराया। सत्यम कुंबकार, सहायक प्राध्यापक, शा वीर सुरेन्द्र साय स्नातकोत्तर कॉलेज, गरियाबंद, ने बताया की इस तरह का मंच युवाओ के आत्म विश्वास को मजबूत करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आगे बताया की ऐसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को अपने हुनर को पहचानने व समझने का अवसर भी मिलता है।



### प्रथम विजेता को मिलेगा 1 लाख

प्रतियोगिता में 15-29 वर्षीय युवाओं ने भाग लिया। भाषण बोलने की अवधि 7 मिनट थी व प्रतिभागी हिन्दी व अंग्रेजी भाषा का चयन कर सकते थे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम विजेता को 1 लाख रूपये, द्वितीय विजेता को 50 हजार रूपये तथा तृतीय स्थान रहने वाले दो विजेता को 25-25 हजार रुपए के पुरस्कार दिए जाएंगे। नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नरेंद्र साहू, उमाशंकर याढव व शिव कुमारी उपस्थित रहे।




